तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अशोक जैन महात्मा हाई स्कूल रोड़ मैन बाजार तहसील रानी जिला पाली **बनाम** लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रानी प्रथम सूचना अपील संख्या :– 13/2026 जीसीएमएस नं. :– 2026/20 (अपील अन्तर्गत धारा 19(1) आर.टी.आई. एक्ट 2005)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.03.2026	1. पत्रावली आज पेश हुई। 2. अपीलार्थी ने अपने आवेदन–पत्र वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रानी से चाही गई थी परन्तु रेस्पोडेंट के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत कर रेस्पोडेंट से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। 3. लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रानी ने न्यायालय हाजा को अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना उनके द्वारा जरिये पत्रांक 01 दिनांक 23.01.2026 से भिजवाई गई है परन्तु आवेदक ने उक्त सूचना लेने से इनकार कर दिया। अतः अपील अपीलार्थी खारिज फरमाई जावे। 4. हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रानी द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित सूचना/जवाब के विपरीत अपीलार्थी द्वारा अपनी आपत्ति जाहिर की गई। 5. अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रानी को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी के आवेदन पत्र का पुनः नियमानुसार 15 दिवस में निस्तारण करे । 6. निर्णय आज दिनांक **10.03.2026** को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो बाद जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। **(एल.एन. मंत्री)** प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर पाली	